तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

13 कल्लेमेटा जंगल मार्ग पर बन रहे पुल की गुणवत्ता पर सवाल



14 डुबान क्षेत्र में लिंक कोर्ट शुरू, ग्रामीणों को मौके पर...









## रेत खदानों में घनमीटर के बदले हाईवा वाहनों का चक्का बना पैमाना

### सरकारी नियमों की अवहेलना, राजस्व की चोरी का सिस्टम बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेत खदानों में ठेकेदारों की जमकर मनमानी चल रही है। सफेदपोश नेताओं का वरदहस्त इस कदर है कि संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी जेब में रखने का दंभ भरते हैं। दर्री रेत खदान में शासन के नियम को ही बदल दिया गया है। घनमीटर में लोडिंग-रायल्टी की माप के बदले हाईवा वाहनों के चक्के के अनुरूप राशि वसूली जा रही है जिससे शासन को भारी भरकम राजस्व का नुकसान हो रहा है। शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं होना सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के वादों पर प्रश्नचिन्ह है।



#### स्थानीय हाईवा संचालकों की हालत खराब

स्थानीय हाईवा संचालकों की हालत खराब है। अपने वाहनों को बेचने को मजबूर हो गये हैं। हाईवा संचालकों ने रेत खदानों में लोडिंग-रायल्टी की दर चस्पा करने तथा निर्धारित दर पर लोडिंग-रायल्टी दिलाने की मांग की है। इस संबंध में जिला खनिल अधिकारी से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

जिले की नदियों में रेत का अकूत भंडार है। रेत खदानों के संचालन के लिए खनिज विभाग नीलामी करता है। सरकारी दर की लोडिंग 115 रूपये प्रति घनमीटर तथा रायल्टी का 50 रूपये प्रति घनमीटर निर्धारित है। खदानों में शासन की निर्धारित दरों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

हाईवा मालिक दीपांशु देवांगन ने बताया कि उनके पास 500 फीट की लोडिंग क्षमता वाला 10 पहिया वाहन है जिसमें 14 घनमीटर रेत भरता है। वहीं 800 फीट क्षमता वाले 10 चक्का हाईवा में 23 घनमीटर रेत भरता है। सरकारी नियमों के तहत घनमीटर के हिसाब से लोडिंग और रायल्टी का पैसा लेना चाहिए लेकिन वाहनों के चक्के के हिसाब से लोडिंग-रायल्टी का पैसा लिया जा रहा है। 500 फीट के हाईवा से 3500 रूपये लोडिंग तथा रायल्टी 2000 रूपये लिया जाता है। वहीं 800 फीट के वाहन से भी 3500 लोडिंग और 2000 रूपये रायल्टी लिया जाता है। 500 और 800 फीट के वाहनों से एक ही दर में लोडिंग-रायल्टी से उनका रेत का कारोबार ठप पड़ गया है। वहीं सरकार को राजस्व का भारी चूना लगाया जा रहा है।

### जिला ग्रंथालय में पढ़ने वाले युवा वाशरूम जाने के लिए लगाते हैं लाइन

## परीक्षा से पहले युवा दे रहे कठिन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

युवाओं को कम्पिटिशन परीक्षा से पहले कड़ी परीक्षा देनी पड़ रही है। जिला ग्रंथालय में लघुशंका के लिए लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ता है। यही नहीं सीट की कमी के चलते एक दूसरे से सटकर बैठना पड़ रहा है। पार्किंग की सुविधा नहीं होने से साइकिल, मोटरसाइकिल चोरी होने का डर भी बना रहता है।

रत्नाबांधा रोड स्थित जिला ग्रंथालय की अहमियत दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। पहले यह ग्रंथालय कलेक्टोरेट के पास संचालित था, जहां पर किताबें धूल खाती पड़ी थीं। प्लानिंग कर जिला ग्रंथालय को रत्नाबांधा रोड में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास नए भवन में स्थानांतरित किया गया। प्लानिंग सफल रही। पिछले तीन साल से यहां विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। शहर के अतिरिक्त गांव के युवा भी यहां तैयारी करने आते हैं। कुछ छात्र कांकेर, बालोद, नगरी, मगरलोड सहित अन्य क्षेत्र से हैं, जो धमतरी शहर में किराए के मकान में रहते हैं और ग्रंथालय में पढ़ने के लिए आते हैं। स्थिति यह है कि अब यह ग्रंथालय छोटा पड़ने लगा है। कई बार तो भीड़ इतनी बढ़ जाती है कि युवाओं को जगह तक नहीं मिलती है। यहां पर टायलेट बाथरूम भी सिंगल बनाया गया है। युवक- युवतियों के अलग-अलग टायलेट बाथरूम है, लेकिन यह इतना छोटा है कि तैयारी कर रहे युवाओं को टायलेट बाथरूम के लिए लाइन लगानी पड़ रही है।



#### खुला आसमान बना डायनिंग हाल

अधिकांश छात्र यहां सुबह से पढ़ने के लिए आ जाते हैं और शाम तक पढ़ाई करते हैं। दोपहर के लिए लंच बाक्स लेकर आते हैं। ग्रंथालय में लंच करने के लिए अलग से जगह नहीं है। ऐसे में युवा नेहरू गार्डन, पीडब्लयूडी ऑफिस में जाकर लंच करते हैं। नेहरू गार्डन का माहौल अच्छा नहीं रहता है। कई बार युवाओं को शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है। खासकर युवतियों को। फिर भी मजबूरी में वे लंच करने के लिए वहां जाते हैं।

#### पार्किंग हुई बदहाल



सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। इतनी बड़ी संख्या में युवा यहां पढ़ने आते हैं, लेकिन उनके वाहन को रखने के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं है। ग्रंथालय के सामने ही साइकिल, मोटर साइकिल खड़ी करते हैं। कई बार यहां साइकिल और मोटर साइकिल की चोरी हो चुकी है। दो दिन पहले ही एक साइकिल यहां से गायब हो गई। इससे पहले इसी माह में मोटरसाइकिल भी चोरी हो चुकी है। बेरोजगार युवा पहले से ही आर्थिक समस्या से जूझते रहते हैं। ऐसे में उनका वाहन चोरी हो जाना, उनके लिए बड़ी विपत्ति है।

## नहर में बहे नाबालिग की तलाश जारी



रूद्री नहर की यह दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ गोताखोर ढूंढ रहे बच्चे को

दोस्तों के साथ रुद्री मुख्य नहर में नहाने गया नाबालिग पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से नाबालिग की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रुद्री बराज की मुख्य नहर में बीते तीन दिनों में दो बड़ी घटनाएं हो गई। पहली घटना में जोधापुर के युवक की रुद्री मुख्य नहर में डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना के एक दिन बाद शुक्रवार को नहर में एक नाबालिग के बह जाने की घटना सामने आई है। उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के ग्राम पाली निवासी समीर हसन उम्र 18 वर्ष अपने 8-9 दोस्त के साथ काम के सिलसिले में धमतरी आकर अंबेडकर चौक के पास रुके हुए थे। शुक्रवार की सुबह समीर अपने साथी फैजल अंजारी 19 वर्ष, अरमान अली 17 वर्ष, सिरोज खान 14 वर्ष, गुलहसन 22 वर्ष, समीर 18 ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### नहर किनारे पेट्रोलिंग

सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि सभी उत्तरप्रदेश के घुमंतू फेरीवाले हैं। पानी में बह गए नाबालिग की गोताखोर तलाश कर रहे हैं। पानी कम करने के लिए सिंचाई विभाग को कहा गया है। पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण बच्चों से नहर नहीं जाने की अपील की गई है। नहर किनारे पेट्रोलिंग करने के लिए कहा गया है।

## जुआ फड़ पर पुलिस की रेड पकड़े गए पांच जुआरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ सिहावा चौक के पास सजी थी जुए की महफिल

सिहावा चौक के पास सार्वजनिक स्थल में चल रहे जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस ने रेड मारकर पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सिहावा चौक के सामने स्थित पुराना ट्रक यूनियन आफिस के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना मिली। इसे गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौक पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने लक्की सिंग भुराबी उम्र 20 वर्ष स्टेशनपारा निवासी, पवन साहू उम्र 50 वर्ष स्टेशनपारा, आरिन वर्मा उर्फ कोमल 25 वर्ष जालमपुर वार्ड, शेख आसिफ 52 वर्ष रिसाईपारा एवं अफसर खान 54 वर्ष स्टेशनपारा धमतरी निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 5 नग मोबाइल फोन कीमत 10 हजार रुपए, 5 नग ▶▶ शेष पेज 12 पर



## सट्टा पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, तीन सटोरिये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पुलिस जुआ सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

जीरो टालरेंस नीति के तहत कोतवाली पुलिस ने दूसरे दिन भी सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने विंध्यवासिनी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन के पास सार्वजनिक स्थान पर आरोपिया सुल्ताना बेगम उम्र 53 वर्ष रामबाग धमतरी निवासी को अंकों के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा है। आरोपिया के कब्जे से सट्टा पर्ची, मोबाइल फोन एवं नगदी 1050 रुपए जब्त किए गए हैं। इसी तरह पुलिस ने रामबाग सब्जी मार्केट में अकबर अली उम्र 38 वर्ष रामपुर वार्ड धमतरी निवासी को सट्टा-पट्टी के माध्यम से जुआ संचालित करते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, मोबाइल फोन व 7200 रुपए नगदी जब्त की गई है। पुलिस ने सट्टा के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्रवाई आमातालाब रोड में की। इंडोर स्टेडियम के पास आयुष वाधवानी उम्र 22 वर्ष अठवानी गली सुंदरगंज वार्ड धमतरी निवासी को ▶▶ शेष पेज 12 पर



### ग्रामीणों ने पुल, स्वास्थ्य केन्द्र, सड़क सहित विभिन्न मांगों का आवेदन सौंपा

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा लटियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल ग्राम लटियारा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्वास्थ्य, सड़क, पुलिया आदि विकास कार्यों के लिए तरस रहे ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में अनेक मांगों का ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए आवेदनों में उपस्वास्थ्य केन्द्र की मांग प्रमुख है।

लटियारा सरपंच रूपेश कुमार धुव ने बताया कि ग्राम पंचायत लटियारा में तीन आश्रित गांव है। यहां स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं और वृद्धजनों का समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण जनहानि का डर बना रहता है। यहां उपस्वास्थ्य केन्द्र खुलने से पंचायत के आश्रित गांवों के अलावा आसपास के ग्रामों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत लटियारा में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग की है।



#### डूमरनाला में पुल निर्माण से मिलेगी बड़ी राहत

लटियारा के आश्रित ग्राम कछारपारा (चर्रा) के डूमरनाला में पुल निर्माण की अति आवश्यकता है। बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता है। ग्रामीण राशन एवं अन्य सामग्री लेने ग्राम मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ती है। बाढ़ आने के दौरान लोगों को इलाज और शिक्षा सुविधा से वंचित होना पड़ता है। डूमरनाला में पुल निर्माण बनने की मांग की है।

#### जिला पंचायत अध्यक्ष को दिया आवेदन

सरपंच रूपेश कुमार ने जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा को आवेदन देकर कहा है कि लटियारा के आश्रित ग्राम चर्रा में रंगमंच निर्माण, लटियारा पंचायत भवन में टिन शेड निर्माणि साहनीखार के शिव मंदिर में टिन शेड निर्माण, सोसायटी भवन में टिन शेड, कछारपारा शिव मंदिर में टिन शेड, गोंडवाना सामाजिक भवन में टिन शेड निर्माण की मांग की है।

#### स्वतंत्रता सेनानी का गांव उपेक्षित

लटियारा का आश्रित गांव साहनीखार ऐतिहासिक गांव है। यहां के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जुड़ावन दास बैरागी ने देश की आजादी में अमूल्य योगदान दिया है। त्याग और बलिदान देने वाले सेनानी का पैतृक गांव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम साहनीखार से सेमरा-सिहावा मुख्य मार्ग की दूरी करीब 2 किमी है। यह सड़क विगत 25 वर्षों से अत्यंत जर्जर और बदहाल है। बारिश में सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है। वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। आवागमन की सुविधा नहीं होने से छात्र उच्च शिक्षा नहीं ले पाते। साहनीखार से सेमरा सिहावा मुख्य मार्ग तक पक्की सड़क बनाने की मांग की है।

### खबर संक्षेप

#### दोबारा दिलाई बारहवीं के छात्रों ने हिंदी की परीक्षा

धमतरी। कक्षा 12वीं हिंदी का पर्चा लीक होने की खबर के बाद शुक्रवार को फिर परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 7 हजार 998 छात्र दर्ज थे, जिसमें से 7 हजार 949 छात्र उपस्थित रहे। 49 छात्र अनुपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लाक में सर्वाधिक 20, कुरूद ब्लाक में 15, मगरलोड में 6 और नगरी ब्लाक में 8 छात्र अनुपस्थित रहे।

#### मंगल भवन कुरूद में राजस्व पखवाड़ा शिविर

धमतरी। राजस्व पखवाड़ा शिविर मंगल भवन कुरूद में आयोजित किया गया। इस शिविर में विकासखंड कुरूद जिला धमतरी के कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। इस शिविर में समाज कल्याण विभाग जिला धमतरी छग द्वारा भी स्टाल लगाया गया। साम्प्रदायिक सद्भावना बढ़ाने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं नशाबंदी के संबंध में आकर्षक कलाचित्रों की प्रदर्शनी मनोहरदास कलाकार समाज कल्याण विभाग धमतरी, कुमारी बिंदुदास एवं परमानंद द्वारा लगाई गई।

#### ओबीसी संयोजन समिति 13 को ज्ञापन सौंपेगी

धमतरी। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनरतले 13 अप्रैल सोमवार को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे संविधान बचाओ, आरक्षण लागू करो विषय पर देश के प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समिति के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू, जिला प्रभारी समारू सिन्हा, अध्यक्ष थानसिंग चंद्राकर ने बताया कि यह प्रदर्शन ओबीसी समाज की जातीय जनगणना, यूजीसी में सह-आरक्षण लागू करने सहित विभिन्न सामाजिक न्याय के मुद्दों के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है। ओबीसी समाज लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक असमानताओं का सामना कर रहा है। ऐसे में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का पूर्ण क्रियान्वयन आवश्यक है।

#### सेन्हाभाठा में साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन 12 को

मगरलोड। साहू समाज परिक्षेत्र डाभा (करेली छोटी) का एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन एवं कर्मा जयंती महोत्सव 12 अप्रैल को ग्राम सेन्हाभाठा में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। अध्यक्षता रोहित साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज मगरलोड करेंगे। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, छन्नूराम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज, भानुप्रिया साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज, जितेंद्र साहू संगठन सचिव तहसील साहू समाज, भामिनी साहू संगठन सचिव तहसील साहू समाज, छबिलाल साहू सचिव तहसील साहू समाज, तुलाराम साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज होंगे। सुबह 9 बजे कर्मा माता की शोभायात्रा , 11 बजे महाआरती, 11.30 बजे अतिथियों का स्वागत सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। वार्षिक सम्मेलन में आय -व्यय की





# निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान पांचवें दिन भी जारी, अब तक 95 मवेशी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर में आवारा मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा मवेशी धरपकड़ अभियान लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। इस अभियान के तहत अब तक लगभग 95 मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। निगम की इस कार्रवाई से शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर में आवारा मवेशियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं, साथ ही आम नागरिकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें निगम की टीम लगातार शाम को विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से मवेशियों को पकड़ रही है। पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी स्थित गौठान में रखा जा रहा है, जहां उनके लिए चारा-पानी और देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है। निगम प्रशासन ने मवेशी मालिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें, अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार की जाएगी, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके और आवारा मवेशियों की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

**शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर की जा रही कार्रवाई**





## निधन

### झम्मूदास वैष्णव



**मगरलोड।** ग्राम भोथीडीह निवासी झम्मूदास वैष्णव का 5 अप्रैल रविवार को निधन हो गया है। वे रेणुका वैष्णव के पति, नरसिंह वैष्णव, विजय वैष्णव के भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन शामिल हुए।

### श्रीमती रोहिणी बाई



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी निवासी श्रीमती रोहिणी बाई साहू 90 वर्ष का निधन 9 अप्रैल गुरुवार को हो गया। वह पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेता तुकाराम साहू व आनंदराम साहू तथा यज्ञदत साहू की माताजी थीं।

## पेज 11 के शेष

### नहर में बहे नाबालिग की तलाश जारी

वर्ष सहित तीन अन्य साथियों के साथ आटो में सवार होकर नहाने के लिए रुद्री बराज गया था। रुद्री पहुंचकर समीर व उसके दोस्त नहाने के लिए मुख्य नहर में उतर गए, लेकिन पानी के तेज बहाव में समीर हसन बह गया। सूचना पर रुद्री पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सीएसपी व डीएसपी भी घटनास्थल पहुंचे। गोताखोरों को बुलाकर नाबालिग की पानी में तलाश की गई। शाम तक चले रेस्क्यू के बाद भी नाबालिग का पता नहीं चल पाया। वहीं घटना के बाद डरकर तीन साथी मौके से भाग गए।

### जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, पांच जुआरी गिरफ्तार

मोटरसाइकिल कीमत 70 हजार रुपए, नगदी 3216 रुपए कुल 83 हजार 216 रुपए जब्त किए गए। इस मामले में सिटी कोतवाली में छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम की धारा 3/2 के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

### सट्टा पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, तीन सटोरिये गिरफ्तार

मोबाइल के माध्यम से आनलाइन एप पर सट्टा खिलाते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक आईफोन मोबाइल कीमत एक लाख रुपए एवं नगदी 1200 रुपए जब्त किए गए। पुलिस ने सिटी कोतवाली में छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 6/क, 6/ख, 11 एवं धारा 7, 3/5 बीएनएस के तहत पृथक-पृथक अपराध दर्जकर आरोपी आयुष वाधवानी, अकबर अली व आरोपिया सुल्ताना बेगम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### नगर निगम धमतरी का पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयन

# नक्शा प्रोजेक्ट से बदलेगा धमतरी का शहरी स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहरी भूमि अभिलेखों के अद्यतिकरण, नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा सुव्यवस्थित शहरी नियोजन के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित नक्शा प्रोजेक्ट अंतर्गत नगर पालिक निगम धमतरी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत नगर के 40 वार्डों को 12 क्लस्टरों में विभाजित कर राजस्व विभाग, निगम अमले एवं सर्वेयरों के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।



प्रोजेक्ट अंतर्गत प्रत्येक संपत्ति का भौतिक सत्यापन कर अद्यतन अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में संपत्ति विवादों में कमी आएगी तथा नागरिकों को अपने मकान, दुकान एवं संस्थानों के स्पष्ट अधिकार अभिलेख प्राप्त हो सकेंगे। यह पहल शहर के सुनियोजित विकास, कर संग्रहण में पारदर्शिता तथा आधारभूत सुविधाओं के बेहतर विस्तार में भी सहायक सिद्ध होगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त नगर पालिक निगम एवं नोडल अधिकारी, नक्शा प्रोजेक्ट श्रीमती प्रिया गोयल ने दल प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कार्यों की प्रगति, सर्वेक्षण की गुणवत्ता तथा क्षेत्रीय स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं की समीक्षा की गई।

इस दौरान दायित्वों का निर्वहन नहीं करने वाले एवं बैठक में अनुपस्थित रहने वाले निगम के 3 इंजीनियरों, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी दल प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे दल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सतत निगरानी करें तथा दैनिक प्रगति प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

आयुक्त नगर निगम प्रिया गोयल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजनता में नक्शा प्रोजेक्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इसके लिए वार्डवार शिविर आयोजित कर नागरिकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर अधिकार अभिलेख प्रविष्टि की प्रक्रिया को तेज किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सर्वेक्षण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट तथा तकनीकी सहयोग को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# चाकू मारकर फरार हुआ आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

- दो माह पहले पिकनिक मनाने के दौरान हुई थी घटना
- करेली बड़ी चौकी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दो माह पहले पैरी नदी रेत घाट पर पिकनिक मनाने गए युवक पर चाकू से हमला कर फरार चल रहे आरोपी को करेली बड़ी चौकी पुलिस ने हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार घटना बीते 8 फरवरी की है। करेलीबड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम बुड़ेनी निवासी त्रिभुवन साहू उम्र 25 वर्ष 8 फरवरी को अपने साथियों के साथ पैरी नदी के रेत घाट में पिकनिक बनाने गया था। इसी दौरान गांव का त्रिलोकी साहू वहां पहुंचकर त्रिभुवन के साथ विवाद करते हुए पैसों की मांग करने लगा। युवक द्वारा पैसा नहीं होने की बात कहने पर त्रिलोकी आक्रोश में आकर अपने पास रखे चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया। साथी घायल त्रिभुवन को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल गोबरा नयापारा ले गए। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की शिकायत पर चौकी करेली बड़ी में अपराध दर्ज कर




विवेचना शुरु की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घायल व गवाहों का बयान दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। चिकित्सकीय परीक्षण में उसे चोट धारदार वस्तु से लगी है। पर्याप्त साक्ष्य संकलित कर पुलिस ने फरार आरोपी त्रिलोकी साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया गया। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी त्रिलोकी साहू पिता शिवनारायण उम्र 25 वर्ष ग्राम बुड़ेनी पुलिस चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड निवासी के खिलाफ धारा 296, 115/2, 351/2, 119/1, 118/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी त्रिलोकी साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## इतवारी बाजार में बनेगा नया शहरी स्वास्थ्य केंद्र, भूमिपूजन आज

**धमतरी।** शहर के इतवारी बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक पहल करते हुए नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन 11 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे कोतवाली थाना के समीप किया जाएगा।

मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा करेंगे। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत की सभापति मोनिका देवांगन, नगर निगम की सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षद श्रीमती चन्द्रभागा पोस्ट ऑफिस वार्ड एवं श्रीमती नम्रतामाला बांसपारा वार्ड होंगी।

# वृक्षों में कील ठोकने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रकृति प्रेमी वैभव जगने ने जीवित पेड़ों पर कील ठोककर विज्ञापन और पोस्टर लगाने पर रोक लगाने तथा दण्डात्मक कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है। वैभव जगने ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि निजी संस्थाएं, कोचिंग सेंटर, स्थानीय व्यापारी प्रचार-प्रसार के लिए जीवित पेड़ों का सहारा लेते हैं। सड़क किनारे के हरे भरे वृक्षों पर लोहे की कील ठोककर विज्ञापन बोर्ड और पोस्टर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे हरे-भरे पेड़ों में संक्रमण का खतरा बन जाता है। छाल फटने से फंगस, कीट का बढ़ जाता है। इससे पेड़ खोखले होकर सूख जाते हैं। छाल के नीचे कैंबियम परत पानी और पोषक तत्वों की वाहक होती है। कीलों से प्रक्रिया होती है और वृक्षों का विकास रूक जाता है। श्री जगने ने बताया कि एनजीटी का स्पष्ट निर्देश है कि पेड़ों पर किसी प्रकार की धातु या साइन बोर्ड लगाना अपराध है। उन्होंने कलेक्टर से कहा है कि पेड़ों से प्रचार सामग्री तथा कीलों को हटाने वन विभाग एवं नगर निगम को निर्देशित करें तथा उल्लंघन करने वालों पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।



### अजय ने दिया सेवा और संगठन सशक्तिकरण का संदेश

# विधायक ने सेमरा (सी) से किया गांव चलो, घर चलो अभियान का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भाजपा संगठन के गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत कुरुद विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सेमरा (सी) पहुंचकर ग्राम देवता सिरदार देव के दर्शन-पूजन के साथ अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के बाहर स्वयं श्रमदान कर साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

शुक्रवार को विधायक चंद्राकर ने ग्राम सेमरा, खपरी, सिलौटी एवं टिपानी का सघन दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों और वरिष्ठजनों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके मार्गदर्शन को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बताया। साथ ही आमजनों से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए भरोसा दिलाया कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और सक्रियता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, जबकि कांग्रेस का इनमें कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं है, फिर भी चुनाव के समय भ्रम की स्थिति पैदा की जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, भाजपा नेता रवि सिन्हा, आनंद यदु, पंकज सिन्हा, भीम साहू, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, भोलाराम साहू, दुलार सिन्हा, चन्द्रभान चक्रधारी, अभिषेक साहू, संतोष यादव, कामता निषाद, सविता गंजीर, खिलेश्वरी निषाद, सरपंच छबिलेश सिन्हा, अनिल राव शिंदे, चोवाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जिला देवांगन समाज का वार्षिक सम्मेलन 12 को

**सिर्री।** जिला देवांगन समाज का 61 वां वार्षिक सम्मेलन 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से देवांगन भवन सिहावा रोड धमतरी में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि अभय देवांगन उपसंचालक महिला एवं बाल विकास (संचालनालय) होंगे। अध्यक्षता विनय देवांगन अध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, मोनिका देवांगन सभापति जिपं धमतरी, कौशिल्या देवांगन सभापति नगर निगम धमतरी, अजय देशलहरे पार्षद, विजय देवांगन पूर्व महापौर, सरंक्षकद्वय कुंजलाल देवांगन, रामगोपाल देवांगन, दऊवा लाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज, घनश्याम देवांगन सरंक्षक, भोलानाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज होंगे। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए विनय देवांगन जिलाध्यक्ष, जयलाल देवांगन महासचिव, बृजलाल देवांगन कोषाध्यक्ष ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

# रोजगार, आवास और चावल महोत्सव से ग्रामीण विकास को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

## योजनाओं की प्रगति के साथ जल संरक्षण पर दिया गया विशेष जोर





जिले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना रहा। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर दिया। अमृत सरोवर के कार्यों की जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराने की नई पहल भी बताई गई, जिससे आम नागरिक विकास कार्यों की निगरानी कर सकेंगे। कार्यक्रम में जल संरक्षण और जल संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में जल संकट से निपटने के लिए अभी से ठोस प्रयास जरूरी हैं। ग्राम स्तर पर युवाओं को अमृत सरोवर, आजीविका डबरी और अन्य जल संरचनाओं से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मजदूरी भुगतान समय पर सुनिश्चित करने और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चावल महोत्सव के दौरान पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण किया गया और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## कांकेर के भागवत प्रसाद को पीएम राहत योजना का मिला लाभ

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित युवक को मिला निःशुल्क कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और निःशुल्क इलाज देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की पीएम-राहत योजना (प्रधानमंत्री-रोड एक्सीडेंट विक्टम हॉस्पिटलीलाइजेशन एंड एर्यूस ट्रीटमेंट-राहत) के तहत धमतरी जिले में पहली बार सफल कैशलेस उपचार किया गया है।

कलेक्टर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस और यातायात विभाग के साथ समन्वय बनाकर इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया है। इसी के तहत आयुष्मान भारत योजना से पंजीकृत निजी अस्पताल नंदा हॉस्पिटल धमतरी में जिले का पहला कैशलेस इलाज किया गया।

जानकारी के अनुसार जिला कांकेर के ग्राम चिहरो निवासी 23 वर्षीय भागवत प्रसाद दुग्गा 1 अप्रैल 2026 की रात सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें रात करीब 12:35 बजे नंदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में सिर में गंभीर चोट, बाएं फ्रंटल लोब में ब्लीडिंग और चेहरे की कई हड्डियों में फ्रैक्चर पाया गया।

डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू करते हुए पीएम-राहत योजना के तहत मरीज को पूरी तरह निःशुल्क उपचार प्रदान किया। बेहतर और समय पर इलाज से मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और 8 अप्रैल 2026 को उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराने पर अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज एक सप्ताह तक मिलता है।

जिले में अन्य मरीजों सूर्यकांत ठाकुर (जिला अस्पताल धमतरी), नारायण साहू (एकता हॉस्पिटल) और अवन लाल ध्रुव (शिवनंदा हॉस्पिटल) को भी इस योजना का लाभ मिला है।

## बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड नगरी के उपतहसील बेलरगांव अंतर्गत ग्राम बोराई के पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी कर्तव्यों, साफ-सफाई, पोषण एवं बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके अधिकारों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सोनराज वट्टी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर सरपंच माखनलाल सलाम, सरपंच सुरेंद्र कुमार नेताम, उपसरपंच गुमान सिंह समरथ, विजय कुमार नेताम, चैनसिंह गहने, सरपंच कुसुम लता समरथ, राधा नेताम, संगीता जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया गया।

## फेडरेशन ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई मगरलोड द्वारा नवपदस्थ थाना प्रभारी मगरलोड प्रमोद अमलतास का स्वागत किया गया। मौके पर फेडरेशन के संयोजक दयाराम साहू, प्रवक्ता डेवेश साहू, कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, प्रचारमंत्री बेदराम साहू, संगठन मंत्री शेखन साहू, सदस्य हरिलाल गंजीर समेत अन्य मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने की आयुर्वेदिक औषधालय की सफाई





■ गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत सार्वजनिक स्थल सहित आयुर्वेदिक औषधालय की साफ-सफाई की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों तक पहुंचकर भाजपा सरकार की अनेक लाभकारी योजनाओं को लेकर सभी को अवगत कराया और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे भी विस्तार से जानकारी दी। भाजपा के 25 वरिष्ठजन कार्यकर्ताओं को गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, प्रभारी मन्नू साहू, थानेश्वर तारक महामंत्री, टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, केवल चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, टेकराम साहू जनपद सदस्य, लता ध्रुव सरपंच, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, विक्रम साहू पूर्वसरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच ने भी भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं पर चर्चा की।

इस मौके पर कपिल देव, डीलेंद्र यादव, सुरेश साहू, दिलेश्वर साहू, कृष्ण कुमार तारक पंच, किशन पटेल, सुरेश साहू, लोमस साहू, गायत्री साहू, राधिका पटेल, ममता सेन ,शांति पाल, शशि साहू, लक्ष्मी निर्मलकर, महेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी में ठगा महसूस कर रहे आत्मानंद स्कूल के संविदा शिक्षक



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर नाराज हैं। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से एक ही वेतनमान पर काम करने के बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 2020 में शुरू की गई इस योजना में नियुक्त शिक्षक बेहतर परिणाम दे रहे हैं, फिर भी वेतन वृद्धि, नियमितीकरण और ईपीएफ जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी ने मृत शिक्षकों को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार के प्रति नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि नरेंद्र मोदी की गारंटी और अन्य नेताओं के आश्वासन के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

मांगें पूरी न होने पर शिक्षकों ने आंदोलन और कलमबंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

## भाजपा में कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण

■ भाजपा के स्थापना दिवस पर पचपेड़ी में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



भाजपा के स्थापना दिवस पर पचपेड़ी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता हरख जैन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया।

मुख्य वक्ता हरख जैन ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है। भाजपा की रीति-नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर आधारित है। पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। देश और प्रदेश में उसकी काम करने वाली सरकार है।

कार्यक्रम में विजय गिरी गोस्वामी, गुलजार साहू, संतोष यादव एवं डॉ. लखन साहू ने भी अपने विचार रखते हुए भाजपा की विचारधारा, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

कार्यक्रम का संचालन जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी।

## चन्द्रप्रकाश पुनः कांग्रेस कमेटी कुरूद के ब्लॉक महामंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद की संगठनात्मक पूर्णता, संगठन को सुदृढ़ बनाने एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने नई कार्यकारिणी का गठन कर प्रस्तावित सूची जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित की गई थी। उक्त सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया था। प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी की सूची को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अनुमोदन किया जिसमें चंद्रप्रकाश देवांगन को ब्लॉक महामंत्री बनाया गया है। वे पिछले 6 साल से ब्लॉक महामंत्री के रूप में संगठन में सेवा दे रहे थे। आज पुनः उनको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने जिला अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला का आभार व्यक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला, नीलम चन्द्राकर सदस्य जिपं, जानसिंग यादव, रमेसर साहू, आशीष शर्मा, मनीष साहू, विनय देवांगन, खूबलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, संतोष प्रजापति, अशोक साहू, पंकज, लेखराम, दुष्यंत देवांगन, रवि देवांगन, जीवराज देवांगन समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सेवानिवृत शिक्षक स्व. तुकाराम को भजन मंडली ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी





ग्राम छाती के वरिष्ठ सेवा निवृत्तशिक्षक स्व. तुकाराम साहू के अंतिम कार्यक्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्री राधे कृष्ण भजन मंडली छाती ने अपनी कायखंड भजनों के साथ प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि स्व. तुकाराम की शिक्षा के साथ-साथ समाज एवं धार्मिक क्षेत्र में भी अहम भूमिका रही है। मौके पर विपिन साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, गणेश साहू जिलाध्यक्ष, दयाराम साहू पूर्व महामंत्री प्रदेश संगठन, हिरेंद्र साहू वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी, विजय साहू महासचिव जिला महामंत्री, लेखराम साहू पूर्व विधायक, रामू रोहरा ननि महापौर उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र साहू ग्रामीण साहू समाज के संरक्षक ने दी।

## 7 लाख की लागत वाले निर्माण में घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी का आरोप

# कल्लेमेटा जंगल मार्ग पर बन रहे पुल की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ ग्रामीणों ने जांच की मांग की





ग्राम कल्लेमेटा जंगल मार्ग पर लगभग 7 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुल इन दिनों गुणवत्ता को लेकर विवादों में घिर गया है। करीब 1.5/8 साइज के इस पुल का निर्माण ग्रामीणों की आवागमन सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के लोगों को वर्षभर सुगम रास्ता मिल सके। लेकिन निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति को देखकर ग्रामीणों में भारी असंतोष है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण में मानक नियमों की अनदेखी करते हुए निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। गिट्टी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसे कमजोर और अनुपयुक्त बताया जा रहा है। निर्माण स्थल पर मिट्टी में अत्यधिक धूल की मौजूदगी भी साफ देखी जा सकती है, जो निर्माण कार्य की मजबूती और टिकाऊपन पर संदेह खड़ा करती है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पुल निर्माण में उपयोग किए जा रहे सरिया का सही मापदंडों के अनुसार उपयोग नहीं किया जा रहा है। कहीं-कहीं बिना उचित माप और मानकों के सरिया डाला जा रहा है, जिससे पुल की दीर्घकालिक मजबूती प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में यह पुल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में विभागीय इंजीनियर से संपर्क कर जानकारी ली गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है, तो तत्काल सुधार कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

// आम सूचना //

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती गायत्री साहू पति श्री धर्मेन्द्र साहू निवासी सदर दक्षिण वार्ड धमतरी, तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) ग्राम रूद्री, प.ह.नं.-00045, रा.नि.मं. रुद्री, तह. व जिला–धमतरी (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर क्रमशः-2/8, 2/9 रकबा क्रमशः 0.0070 हे., 0.0033 हे. को क्रय करने हेतु उक्त परिवर्तित भूमि के स्वामी श्री जगदेवराम साहू पिता-श्री हरीराम साहू निवासी रिसाई माता मंदिर के पास रिसाई पारा धमतरी, तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) से दिनांक 11.04.2026 को पक्की बातचीत कर उसी दिवस को बिक्री इकरारनामा किये हैं। जिसके बिक्री पत्र का पंजीयन दिनांक 28.04.2026 को होना उभय पक्षकार सुनिश्चित किये हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तो आज दिनांक से 15 दिनों के अंदर मेरे गौरा चौरा के पास रामपुर वार्ड धमतरी, तह. व जिला–धमतरी (छ.ग.) स्थित कार्यालय आकर मेरे समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि में किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय के द्वारा मेरे समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में यह माना जायेगा कि उक्त इकरारित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। उक्त समयावधि के अवसान के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति ग्रहण नहीं किया जायेगा।

दिनांक : 10.04.2026

भवदीय
श्रीमती नंदनी साहू अधिवक्ता
गौरा चौरा के पास रामपुर वार्ड धमतरी,
तह. व जिला-धमतरी(छ.ग.)
मो.नं.-90989-95466

आम-सूचना

सर्व साधारण आम-जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिमतरा प.हनं. 19 रा.नि.मं. मोथली तहसील व जिला धमतरी में खसरा नंबर 114, 219, 351/1, 113 कुल रकबा 2.25 हे. भूमि जो कि स्व. डेरहिन बाई पति मिलन दास के नाम पर भू-अभिलेख खसरा पांचशाला में दर्ज था जिसमें मेरे पक्षकार सौरभदास पिता परदेशीराम द्वारा काश्त किया जाता है तथा स्व. डेरहीन बाई ने मेरे पक्षकार के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया है किंतु उक्त भूमि को श्रीमती पुष्पा बघेल पति श्री करुणाकर बघेल जाति पनिका निवासी बराईपाली बेहरामुड़ा चौक सेंट्रल रोड संबलपुर उड़ीसा द्वारा छलपूर्वक अपने पक्ष में नामांतरण करा लिया है तथा उक्त भूमि को अफरा-तफरी के लिए विक्रय कर सकती है मेरा पक्षकार उक्त नामांतरण आदेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत प्रस्तुत कर रहा है तथा सिविल न्यायालय में भी अलग वाद प्रस्तुत करेगा यदि इस सूचना के उपरांत भी किसी व्यक्ति संस्था, निकाय द्वारा क्रय किया जाता है तो उसे कोई भी स्वत्व प्राप्त नहीं होगा। क्योंकि स्व. डेरहीन बाई ने अपने भाई परदेशीराम के पुत्र सौरभदास के पक्ष में वसीयत किया है तथा समस्त भूमि पर डेरहीन बाई के जीवन-काल से ही कृषि कार्य करता है तथा उसका देखरेख, सेवा-जतन, वक्त जरूरत पर ईलाज सौरभ दास द्वारा किया जाता था।

अतः इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा बघेल पति करूणा कर बघेल से उक्त भूमि का क्रय, सौदा या किसी भी प्रकार से अंतरण इत्यादि अवैध है यदि कोई अंतरण, संव्यवहार होता है तो संबधित को भी आवश्यक पक्षकार बनाया जावेगा जिसकी समस्त जवाबदारी आप सभी अंतरिती की होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक-10/04/2026

भवदीय
संदीप सिंह भरतद्वाज अधिवक्ता
तहसील कार्यालय परिसर धमतरी
तहसील व जिला धमतरी
मो.नं. 99937 40057

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी
तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)
// सूचना पत्र //

प्रति,
1. राजेश सतनामी पि. दशरू वगैरह
2. संज साहू पि. किशुन साहू
नि. भाठागांव रायपुर
3. नामदिन पि. हेमराम रांवा
4. शिवकुमार पि. भरोसा वगैरह नि. रांवा
5. विनोद साहू पि. गणेश साहू
साकिन भाठागांव
6. मिलाप राम पि. बालाराम वगैरह

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।
--00--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम रांवा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 465 रकबा 0.29 हे. का आवेदक राजेश सतनामी पिता दशरू निवासी रांवा के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 02/04/2026 के अनुसार सीमांकन दिनांक 13/04/2026 को दिन सोमवार समय 3.00 के बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

## खबर संक्षेप



### होम्योपैथी के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

■ होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर हुआ आयोजन

**धमतरी**। शहर में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन होम्योपैथी पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ, जिसमें जिले के होम्योपैथी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य से जुड़े लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पद्धति कई असाध्य एवं जटिल रोगों के उपचार में प्रभावी साबित हो रही है। होम्योपैथी इलाज का एक सुरक्षित विकल्प है, जो मरीजों को दीर्घकालिक राहत प्रदान करता है। इस अवसर पर होम्योपैथी के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों को इस चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। इस दौरान डॉ विकास वर्मा, डॉ पपेश जैन, डॉ तेजराम साहू, डॉ गिरवर साहू, डॉ भूपेंद्र सोनी, डॉ भूपेंद्र साहू, डॉ राकेश साहू, डॉ गोपेश साहू, डॉ देवेश सिन्हा, डॉ भूषण साहू, डॉ देवेंद्र सिन्हा, डॉ मनोज सिंह, डॉ नरेंद्र चंद्राकर मौजूद थे।

### शीतल जल सेवा का शुभारंभ आज

**धमतरी**। महावीर इंटरनेशनल द्वारा मठा वितरण एवं शीतल जल (प्याऊ) सेवा का शुभारंभ 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सेवा हाऊसिंग बोर्ड चौक स्थित शांति विजय ज्वेलर्स के सामने प्रारंभ किया जाएगा, जहां राहगीरों और आम नागरिकों को गर्मी से राहत प्रदान की जाएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान लोगों को ठंडा पेयजल और मठा उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है, जिससे समाज के हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती नीलू लुनावत एवं सचिव श्रीमती मधु बैद ने सभी से इस कार्य में सहभागी बनकर सेवा अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर**। थाना चारामा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार 5 मार्च की सुबह करीब 8 बजे धनेश्वर लाल उसेंडी अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5644 से धान फसल में खाद डालने खेत गया था। दोपहर लगभग 2:45 बजे गांव के उपसरपंच गौतम पटेल ने परिजनों को सूचना दी कि धनेश्वर का एक्सीडेंट हो गया है। जानकारी मिलते ही परिजन ग्रामीणों के साथ चारामा अस्पताल पहुंचे, जहां धनेश्वर को स्ट्रेचर पर सफेद कपड़े से ढका हुआ पाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विवेचना में पाया गया कि वाहन क्रमांक सीजी 09 जेयू 9911 के चालक ने सामने से आकर जोरदार टक्कर मारी, हादसे में धनेश्वर के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# डूबान क्षेत्र में लिंक कोर्ट शुरू, ग्रामीणों को मौके पर मिल रहा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के दूरस्थ डुबान प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में लिंक कोर्ट का सरल एवं बिना तामझाम के शुभारंभ किया गया। इस अभिनव व्यवस्था का उद्देश्य राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण करना तथा तहसील मुख्यालय से दूर बसे ग्रामीणों को उनके ही क्षेत्र में न्याय सुविधा प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि बीते 3 अप्रैल को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा इस सुविधा की घोषणा की गई थी, जिसे आज जमीनी स्तर पर लागू करते हुए प्रशासन ने एक नई शुरुआत की है।

प्रथम दिवस ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी में आयोजित लिंक कोर्ट में अकलाडोंगरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। पीठासीन अधिकारी (अतिरिक्त तहसीलदार) की उपस्थिति में विभिन्न राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। वन अधिकार पत्रक सुधार के तहत आवेदक कौशल कुमार पिता गैंदलाल के प्रकरण में मूल पत्रधारी के निधन के उपरांत उनके वारिसानों का नाम सफलतापूर्वक दर्ज किया गया। फौती नामांतरण के तीन मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई, वहीं चार प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर मौके पर ही त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की गई।

**पीठासीन अधिकारी ने विभिन्न राजस्व प्रकरणों का किया त्वरित निराकरण**



प्रशासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार ग्राम पंचायत भवन अकलाडोंगरी में प्रत्येक गुरुवार को लिंक कोर्ट का नियमित आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोटवारों एवं ग्राम स्तरीय तंत्र के माध्यम से इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक भी इस सुविधा का लाभ पहुंच सके।

### शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

# धमतरी विस की तीनों सीट जीतकर पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे

■ अरविंद बनाए गए प्रभारी संगठन महामंत्री, वरिष्ठ नेता पंकज महावर को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों सहित जिले के 9 ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह राजीव भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया साथ ही जिले के सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों, शहर कांग्रेस अध्यक्षों ने भी अपने-अपने पदों की शपथ ली। समारोह में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और आम जनता के हित में संघर्ष करने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने जिला महामंत्री अरविंद दोशी को संगठन महामंत्री बनाए जाने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बूथ कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया साथ ही धमतरी विधानसभा की तीनों सीट जीतकर पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग देने की अपील कार्यकर्ताओं से की। विधायक अंबिका मरकाम कहा कि हमारी असली ताकत बूथ स्तर पर है। हर एक बूथ पर हमारे सक्रिय कार्यकर्ता होने चाहिए, जो जनता से सीधा संवाद करें।



विधायक ओंकार साहू ने कहा कि हमें व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति वफादार रहना होगा। पूर्व विधायक लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि हमें बीजेपी की विभाजक नीतियों के खिलाफ मुखर होना होगा। मोहन लालवानी, विजय देवांगन, विपिन साहू ने कहा कि हमें संगठन में नई ऊर्जा और विचारों को शामिल करने के लिए युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। नीलम चंद्राकर, आनंद पवार ने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करके अपनी बात को घर-घर तक पहुंचाना है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संबंध बनाए रखना है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पंकज महावर के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रीतेश ने खरेंगा, देवपुर में लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भोथली मंडल द्वारा गांव चलो–बस्ती चलो अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने खरेंगा और देवपुर गांव का दौरा किया।

नदी तटीय क्षेत्र में तालाब पार, बरगद के पेड़ की छांव में आयोजित जनचौपाल में उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि ये योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। साथ ही राज्य सरकार में विष्णु देव साय की पारदर्शी नीतियों को भी ग्रामीणों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि सच्ची सरकार वही होती है जो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझे और योजनाओं को ईमानदारी से लागू करे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचकर लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, मिश्री पटेल, राजीव सिन्हा, हिमांशु शेखर साहू सरपंच दर्री, निरंजन साहू, रामखिलावन चंद्राकर, तामेश्वर साहू, विनोद विश्वकर्मा, रामेश्वर, नारायण, अरूण साहू, नेमूराम साहू, हिरेंद्र साहू, निरंजन साहू, रामखिलावन चेतन यदु, जोहन ध्रुव, भानू यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### छाती सोसाइटी में समर्थन मूल्य में चने की खरीदी

**पुरी(धमतरी)**। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में इस वर्ष भी पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य में चने की खरीदी की जा रही है। मंडी शेड होने के कारण आसपास के कृषक अपना पंजीयन करवा रहे हैं। खरीदे गए धान का अब परिवहन प्रारंभ होगा। धीरे-धीरे किसानों को बिक्री की राशि प्राप्त होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। चना पंजीयन पुनः प्रारंभ होने के कारण बड़ी संख्या में किसान समिति पहुंच रहे हैं। इसके लिए बी 1 की नकल, आधारकार्ड, नॉमिनी का आधारकार्ड मांगा जा रहा है। यह जानकारी नरेंद्र साहू समिति प्रबंधक ने दी है।



### ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**धमतरी**। एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती के सेक्टर देमार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र उसलापुर और ग्राम पंचायत चिखली के सेक्टर मोंगरागहन स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र माटेगहन में सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उसी ग्राम की निवासरत इच्छुक पात्र महिलाएं ई-भर्ती पोर्टल एडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ई-भर्ती डाट इन/ में आवेदन कर सकतीं हैं।

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे : नेहरू



■ कुर्रा में गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपाइयों ने ग्रामीणों से किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा रावां मंडल के तत्वावधान में गांव-बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम कुर्रा में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा नेहरू राम निषाद ने बूथ क्रमांक 06 एवं 07 में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

मंडल अध्यक्ष अमन राव, सहप्रभारी प्रभूराम साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना तथा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की और योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली।

जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रिखम राव एवं अजब देवांगन से भेंटकर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर नेहरू राम निषाद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य भाजपा के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के कल्याण हेतु अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। आज हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि गांव-बस्ती चलो अभियान भाजपा संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे कार्यकर्ता सीधे जनता से जुड़ते हैं और उनकी समस्याओं को समझते हैं। मौके पर परमेश्वर साहू, छत्रपाल सिन्हा, नरोत्तम साहू, अमरसिंह साहू, हेमू यादव समेत हितग्राही श्रीमती भगवती सेन, द्रौपदी सेन, गणेश पटेल, खेलन पटेल, सोमनी साहू, इंदल पटेल उपस्थित थे।

### ट्रिपल इंजन की सरकार में नगर निगम की व्यवस्था बदहाल : ओंकार

**धमतरी**। विधायक ओंकार साहू ने नगर निगम की अव्यवस्थित एवं चिंताजनक स्थिति को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक श्री साहू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर निगम धमतरी में महापौर, आयुक्त एवं सभापति के शासकीय वाहन लंबे समय से खराब स्थिति में हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। जब नगर निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, तो आम जनता को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति सहज ही समझी जा सकती है। विधायक ओंकार ने मंत्री से मांग की है कि महापौर, आयुक्त एवं सभापति के लिए तत्काल नए शासकीय वाहन उपलब्ध कराए जाएं तथा डीजल के लिए अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया जाए। नगर निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आवश्यक मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जाएं एवं निगम की कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# निगम की आय बढ़ाने कर्मचारी घर-घर जाकर करेंगे वसूली



■ उपायुक्त ने राजस्व विभाग की बैठक में टैक्स वसूली को लेकर सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी पीसी सार्वा ने राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में टैक्स वसूली को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शत- प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति अपनाने को कहा गया।

उपायुक्त सार्वा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निगम की आय बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर बकाया करों की वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी क्षेत्र में सक्रिय रहकर प्रत्येक करदाता से संपर्क करें और लंबित राशि की वसूली करें। साथ ही, जो बकायादार लंबे समय से भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि आयुक्त प्रिया गोयल ने टैक्स वसूली में लापरवाही पर नाराजगी जताई है तथा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को टैक्स वसूली शत- प्रतिशत करने के निर्देश दिए है।

बैठक में यूजर चार्ज, प्रॉपर्टी टैक्स और वॉटर टैक्स पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि इन मदों में अधिक से अधिक वसूली कर निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को लक्ष्य निर्धारित कर समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त पीसी सार्वा ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करते हुए बेहतर परिणाम लाने पर जोर दिया। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण



■ साफ-सफाई, भोजन, पेयजल, शौचालयों तथा ठहरने की समुचित व्यवस्था की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने शहर में संचालित आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नेहरू गार्डन के पास स्थित आश्रय स्थल एवं बस स्टैंड धमतरी स्थित आश्रय स्थल का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, पेयजल, शौचालयों की स्थिति तथा ठहरने की समुचित व्यवस्था की समीक्षा की गई। आयुक्त ने आश्रय स्थलों में निवास कर रहे जरूरतमंद, असहाय एवं श्रमिक वर्ग के लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता एवं नियमितता को लेकर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि आश्रय स्थलों में रह रहे लोगों को समय पर एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सभी मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# भखारा में एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)




महिलाओं को गर्भाशय और सर्विक्स कैंसर से बचाने के लिए सरकार द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाने की पहल की जा रही है। 14 से 15 वर्ष की बेटियों के लिए यह वैक्सीन बेहद प्रभावी मानी जा रही है। भखारा के वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. मोहन हरदेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में इस वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर डॉक्टर गौरव बंगानी से चर्चा की।

डॉ. बंगानी ने बताया कि फिलहाल यह वैक्सीन भखारा में उपलब्ध नहीं है, बल्कि ब्लॉक स्तर पर कुरूद, नगरी, धमतरी और मगरलोड में उपलब्ध है। डॉ. हरदेल ने कहा कि यह वैक्सीन जीवनभर कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है, इसलिए जागरूकता जरूरी है।

उन्होंने मांग की कि भखारा क्षेत्र बड़ा होने के कारण यहां भी वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर बेटी इसका लाभ ले सके। फिलहाल इच्छुक लोग जन्म प्रमाण पत्र के साथ कुरूद केंद्र में जाकर निःशुल्क वैक्सीन लगवा सकते हैं।

# शासकीय स्नातकोत्तर कालेज में सेमिनार का आयोजन

**धमतरी**। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा उनके पाठ्यक्रम स्वास्थ्य भूगोल, कृषि भूगोल एवं पर्यावरण भूगोल से संबंधित दिए गए विषयों पर पीपीटी द्वारा सेमिनार प्रस्तुत किया गया। इसी तारतम्य में एमए द्वितीय सेमेस्टर भूगोल के पाठ्यक्रम आर्थिक एवं संसाधन भूगोल, समुद्र विज्ञान, प्रादेशिक नियोजन एवं सामाजिक भूगोल से संबंधित दिए गए विषयों पर पीपीटी तैयार कर अपना सेमिनार प्रस्तुत किया। सेमिनार में विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती ग्रेस कुजूर, प्रो. केपी कोसिमा, डॉ. श्रवण नाग उपस्थित थे।



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज